कोटद्वार, रविवार
26 नवम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 207 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## सीएम ने लिया सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा

# टनल में फंसे श्रमिकों की हर मांग को प्राथमिकता से लिया जाए

जयन्त प्रतिनिधि।

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सिलक्यारा, उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने टनल में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने ऑगर मशीन की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पाइप में फंसी ऑगर मशीन को अतिशीघ्र निकाला जाए। ऑगर मशीन को निकालने हेतु जो मशीन या टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो, उसे अति शीघ्र मंगवाया जाए।

मुख्यमंत्री ने टनल में फंसे श्रमिकों को भेजे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच भी की। उन्होंने श्रमिकों को भोजन भेजने की विधि को भी जाना। उन्होंने कहा श्रमिकों की हर मांग को प्राथमिकता से लिया जाए। एवं जो सामग्री संभव हो उन्हें भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने टनल में एसडीआरएफ द्वारा स्थापित ऑडियो कम्युनिकेशन सेटअप के माध्यम से अंदर फंसे श्रमिकों में से गब्बर सिंह, सबाह अहमद, अखिलेश से बात कर सभी मजदूरों के बारे में जानकारी ली, साथ ही उनका हौसला आफजाई किया। मुख्यमंत्री ने वार्ता के दौरान



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रेस्क्यू टीम को निर्देश देते हुए।**

कहा कि देश एवं दुनिया के विशेषज्ञ मदद हेतु दिन रात काम में जुटे हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं एवं प्रत्येक दिन स्वयं जानकारी जुटा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अंदर फंसे श्रमिकों से कहा कि कोई भी दिक्कत होने पर अधिकारियों को सूचित करें। केंद्र एवं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सभी श्रमिकों को शीघ्र और सुरक्षित बाहर निकाला जाए। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों, विशेषज्ञों एवं अभियान में जुटे लोगों के उत्साह में कमी न आने देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि जो भी तकनीक एवं संसाधन मौजूद हैं उनका इस्तेमाल कर रेस्क्यू ऑपरेशन में और अधिक तेजी लाई जाए। जरूरत हो तो अतिरिक्त संसाधानों को भी बाहर से तत्काल मंगाया जाए। राज्य सरकार की ओर हर संभव सहयोग दिया जाएगा। हम सभी मिलकर अति शीघ्र राहत एवं बचाव कार्य को पूर्ण करेंगे।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार एवं उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस संधु, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (भारत सरकार) के सचिव अनुराग जैन, एमडी एनएचआईडीसीएल महमूद अहमद, कमिश्नर गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, रेस्क्यू आभियान के समन्वयक सचिव डॉ. नीरज खैरवाल, पीएमओ उप सचिव मंगेश घिल्डियाल, विधायक संजय डोभाल, विधायक सुरेश चौहान, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### टनल एक्सपर्ट अनील्ड का दावा– क्रिसमस तक बाहर निकाल लिए जाएंगे मजदूर

देहरादून। उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए जारी रेस्क्यू ऑपरेशन का आज 14 वां दिन है। उम्मीद जताई जा रही थी कि आज सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा, लेकिन फिर एक बार उम्मीद टूट गई।



रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर अंतरराष्ट्रीय टनल एक्सपर्ट अनील्ड डिक्स ने दावा किया है, जिसने चिंता बढ़ा दी है। डिक्स ने कहा, भीतर मजदूर सुरक्षित हैं। हम क्रिसमस तक सभी 41 मजदूरों को बाहर निकाल लाएंगे। डिक्स के मुताबिक मजदूरों को निकालने में अब एक महीने का समय लगेगा। हालांकि सरकार या प्रशासन की तरफ से इसे लेकर पुष्टि नहीं की गई है। आज शनिवार सुबह ड्रिलिंग के दौरान ऑगर मशीन के खराब होने के बाद यह अपडेट सामने आया कि मजदूरों को निकालने में अभी दो से तीन दिन का समय लगेगा।

## गर्व का एहसास, स्वदेशी क्षमताओं पर और मजबूत हुआ विश्वास, मोदी ने तेजस में भरी उड़ान

**बेंगलुरु, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय वायुसेना के मल्टीरोल फाइटर जेट तेजस पर सफलतापूर्वक उड़ान भरी। श्री मोदी ने एक्स पर अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि तेजस पर उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की। यह अनुभव अविश्वसनीय रूप से समृद्ध था, जिससे हमारे देश की स्वदेशी क्षमताओं में मेरा विश्वास काफी बढ़ गया। साथ ही हमारी राष्ट्रीय क्षमता के बारे में मुझमें नए सिरे से गर्व और आशावाद की भावना पैदा हुई।

भारतीय वायु सेना के पायलट के साथ तेजस उड़ाने वाले श्री मोदी पहले प्रधानमंत्री बने। यह उड़ान कुछ मिनटों तक चली।



विमान ने बेंगलुरु के एचएएल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। प्रधानमंत्री का तेजस जेट की सुविधा सहित एचएएल की विनिर्माण सुविधा की समीक्षा करने और दौरा करने का भी कार्यक्रम है। गौरतलब है कि कई देशों ने तेजस को खरीदने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है।

## राहुल का दावा, बीजेपी–बीआरएस के बीच मौन सहमति

**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के योगदान का जिक्रकरते हुए कहा कि बीआरएस प्रमुख चंद्रशेखर राव को यह एहसास होना चाहिए कि यह कांग्रेस ही थी जिसने उस स्कूल और विश्वविद्यालय का निर्माण किया जिसमें उन्होंने पढ़ाई की।

राहुल के बयान से भड़के सीएम केसीआर के बेटे केटी रामाराव ने कांग्रेस सासंद को पप्पू करार दिया। उन्होंने कहा, निजामाबाद में कहा, राहुल गांधी को इतिहास नहीं पता, वह 'पप्पू' हैं। केटीआर के अनुसार, जिस जगह पर आज राहुल गांधी आए थे, यह वही निज़ामाबाद है जहां राहुल गांधी के



परदादा नेहरू जी ने आंध्र और तेलंगाना के बीच जबरन शादी कराई थी।

केटी रामाराव ने कहा, तेलंगाना की जनता कांग्रेस के इतिहास से पूरी तरह वाकिफ है। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी को तेलंगाना के इतिहास के बारे में जो जानकारी है, उसे देखकर उन्हें दुख होता है... अगर राहुल गांधी आज भ्रष्टाचार के बारे में बात करेंगे तो लोग हंसेंगे क्योंकि कांग्रेस पार्टी खुद भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।'

केटीआर के बयान से पहले राहुल ने शनिवार को तेलंगाना में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने चुनावी राज्य तेलंगाना में भाजपा के चारों टायरों को पंचर कर दिया है और जल्द ही दिल्ली में भी ऐसा करेगी। तेलंगाना विधानसभा चुनाव–2023 को राहुल गांधी ने 'दोराला सरकार' (सामंती सरकार) और 'प्रजला सरकार' (जनता की सरकार) के बीच की लड़ाई करार दिया। उन्होंने कहा, तेलंगाना की जनता गरीब और किसान समर्थक सरकार का सपना देख रहे थे, लेकिन केसीआर ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## पीएम मोदी ने राजस्थान के लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के लोगों से मौजूदा विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान करने का आग्रह किया। एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा, राजस्थान विधानसभा के लिए आज वोट डाले जाएंगे।

मैं सभी मतदाताओं से आग्रह करता हूं कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें और मतदान का एक नया रिकॉर्ड बनाएं। इस अवसर पर पहली बार मतदाताओं को मेरी शुभकामनाएं।200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान अभी चल रहा है।कांग्रेस लगातार दूसरे कार्यकाल की तलाश में है, जबकि भाजपा रेगिस्तानी राज्य में सबसे पुरानी पार्टी के शासन को खत्म करने की आकांक्षा रखती है।वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होनी है।

## दूल्हा और दुल्हन ने बारातियों संग सड़क पर गुजारी रात

**पिथौरागढ़।** शादी में सात फेरे लेने के बाद दूल्हा अपनी दुल्हन को बारातियों के साथ लेकर वापस अपने घर की ओर चल पड़ा था। लेकिन, छोटा का सफर नवविवाहित जोड़े और बारातियों के लिए मुसीबत बन गया। दूल्हा और दुल्हन को बारातियों के साथ सड़क पर रात गुजारनी पड़ी। यह मामला गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। पिथौरागढ़ जिले में जौलजीबी–मुनस्यारी सड़क की बदहाली के कारण दुल्हन को विवाह के बाद पीहर से विदा होकर पिया के घर की बजाय पूरी रात खुले आसमान के नीचे बिताने पड़ी। रास्ते में ट्रक फंसने से यह सड़क बंद हो गई थी। बारात के वाहन दूल्हे के घर से करीब 18 किमी दूर फंस गए। करीब सात घंटे तक बारात यहां फंसी रही। आखिरकार, कुछ बारातियों ने ही ट्रक को धक्का देकर सड़क



के किनारे किया, तब बारात आगे बढ़ी और अगले दिन तड़के दुल्हन ससुराल पहुंची। चीन सीमा पर बसे मुनस्यारी क्षेत्र में आवाजाही के लिए दो ही मार्ग हैं। इनमें से ही एक जौलजीबी–मुनस्यारी सड़क है। मौजूदा वक्त में यह बदहाल हो चुकी है। मदकोट से आगे की सड़क कच्ची है तो कहीं बड़े–बड़े गड्ढे हैं। ऐसे में यहां आए दिन लोगों को जूझना पड़ रहा है। क्षेत्रवासी कवींद्र की बारात 22 नवंबर को कनालीछीना गई थी। इसमें 200 से अधिक बाराती थे। विवाह संपन्न होने के बाद वापसी के दौरान कैठी बैंड पर एक ट्रक गड्ढों के कारण सड़क के बीचोंबीच फंस गया।

इस कारण बारात में शामिल वाहन भी यहां फंस गए। रात भर सड़क खुलने के इंतजार में दूल्हा–दुल्हन सहित अन्य बाराती वाहनों में ही बैठे रहे। ट्रक हटाने की जब किसी भी स्तर से कोई पहल नहीं हुई तो कुछ बारातियों ने ही 23 नवंबर को तड़के करीब तीन बजे ट्रक को धक्का देकर सड़क के किनारे किया। तब बारात आगे बढ़ सकी

एक दिन की बारात, सड़क के कारण दो दिनी हुईः ट्रक फंसने से बंद सड़क में फंसी बारात के अगले दिन घर पहुंचने पर लोगों का कहना था कि विवाह कार्यक्रम तो एक दिन का था, लेकिन सड़क की बदहाली ने इसे दो दिन का बना दिया।

## उत्तराखंड के कोटाबाग में भीषण सड़क हादसा, गहरी खाई में गिंरी कार, 5 लोगों की मौके पर मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल जनपद के कोटाबाग में शुक्रवार देर रात को एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिरने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। मौके पर अभी राहत व बचाव कार्य चल रहा है। दुर्घटना की जानकारी आज दोपहर बाद मिल सकी। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि कोटाबाग के देवीपुरा–सौड़ मार्ग पर बागनी के पास देर रात को यह दुर्घटना घटी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली नंबर की एक कार देर रात को खाई में जा गिरी।

दुर्घटना की जानकारी आज दो बजे के बाद प्रशासन को मिल पाई। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला, पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर जुटे और राहत व बचाव कार्य चलाय गया। एसडीआरएफ को भी मौके के लिए रवाना किया गया। उन्होंने पांच लोगों की मौत की पुष्टि की। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। राहत व बचाव कार्य जारी है। विस्तृत विवरण की प्रतिक्षा है।

# राज्यपाल ने किया नगर गढ़वाल में आयोजित बैकुंठ चतुर्दशी मेले एवं विकास प्रदर्शनी का वर्चुअल शुभारंभ

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन देहरादून से शनिवार कोनगर गढ़वाल में आयोजित बैकुंठ चतुर्दशी मेले एवं विकास प्रदर्शनी का वर्चुअल शुभारंभ किया। राज्यपाल ने मेले में उपस्थित लोगों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि आज आप सभी बैकुंठ चतुर्दशी के अद्भुत और पवित्र अवसर पर एक साथ एकत्र हुए हैं जिसे सभी लोग पूरे उत्साह और भक्ति के साथ मनाते हैं।

उन्होंने कहा कि बैकुंठ चतुर्दशी हमें भगवान विष्णु के परम लोक बैकुंठ की याद दिलाता है जहां शांति और सुख का आदान–प्रदान होता है। इस दिन हम अपने जीवन में शुभ और सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प भी लेते हैं। बैकुंठ चतुर्दशी हमें यह शिक्षा देता है कि सच्चे सुख और शांति का स्रोत आत्मा में ही है। हमें अपने मन, वचन और कर्मों को पवित्रता और सत्य के माध्यम से सजीव करना चाहिए।



राज्यपाल ने कहा कि सुरम्य पर्वतीय शहरनगर गढ़वाल एक अद्वितीय शहर है जहां विचारशीलता, सौंदर्य, और धार्मिकता का विशिष्ट संगम होता है। एक प्रकार से पहाड़ पर स्थित यहनगर गढ़वाल, उत्तराखण्ड की प्रगति का एक आधार केंद्र बन गया है। जल्दी ही यह क्षेत्र रेल नेटवर्क से जुड़ेगा यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे गढ़वाल क्षेत्र में विकास के नए प्रतिमान स्थापित होंगे। प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया है। यह तभी संभव होगा जब हम सभी अपना योगदान प्रदेश की तरक्की और विकास में देंगे।

राज्यपाल ने कहा की इस मेले के माध्यम से हम अपने स्थानीय उत्पादों को प्रमोट कर सकते हैं और अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकते हैं। साथ ही इस प्रकार के आयोजन से हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखने का कार्य भी करते हैं।

इस तरह के आयोजन हमें अपनी विरासत से जुड़ने के साथ–साथ अपने उन साथियों से मिलने का भी अवसर प्रदान करते हैं जो अब प्रवासी हो चुके हैं इस प्रकार के आयोजनों से हम पलायन के विरुद्ध भी उपयोगी कदम उठा सकते हैं। उन्होंने कहा की हमें प्रयास करने चाहिए कि हमारे जो भी भाई–बहन राज्य से बाहर हैं उन्हें निमंत्रण देकर यहां बुलाएं और उन्हें बताए कि अपनी संस्कृति से जुड़ने का बेहतरीन अवसर है।

इस बार पर राज्यपाल ने कहा कि जनपद उत्तरकाशी की सिलक्यारा टनल में 41 श्रमिक फंसे हुए हैं जिन्हें केंद्र तथा प्रदेश की विभिन्न एजेंसियों की एकजुटता से सकुशल बाहर निकालने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी के सकुशल बाहर निकलने की प्रार्थना की है।

## परीक्षा केंद्र के आसपास धारा 144 लागू

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार द्वारा आयोजित होने वाली अधिशासी अधिकारी और कर व राजस्व निरीक्षक परीक्षा 2023 की लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू की गई है। सिटी मजिस्ट्रेट प्रेमलाल ने परीक्षा केंद्र की 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू की है। परीक्षा का आयोजन 26 नवंबर को दो पाली में किया जाएगा। शनिवार को सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि परीक्षा का आयोजन परीक्षा भवन उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार, गवर्मेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, ज्वालापुर इंटर कॉलेज, धूमसिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल, डिवाइन लाइट स्कूल, शिवडेल स्कूल, श्री गुरुराम राय पब्लिक स्कूल, एचईसी ग्रुप ऑफ इंजीनियरिंग, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, हरिराम आर्य इंटर कॉलेज, आनंदमयी सेवासदन और दीक्षा राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल में होगा।

## एक नजर

### हरिद्वार राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में अव्वल

हरिद्वार। उत्तराखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं भारतीय रेडक्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी के नियंत्रण एवं जनजागरूकता विषय पर राज्यस्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन देहरादून में किया गया। प्रतियोगिता में उत्तराखंड के सभी जनपदों की टीम ने प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता में एचआईवी, एसटीओटीबी एवं अन्य स्वास्थ्य सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तर प्रतिभागियों से किए गए। प्रतियोगिता में हरिद्वार के श्यामपुर स्थित श्रीराम विद्यामन्दिर की शुभिका, अर्पित एवं नवीन कुमार ने अधिकतम अंक प्राप्त कर हरिद्वार जनपद को प्रथम स्थान दिलाकर रीजनल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का गौरव दिलाया। द्वितीय स्थान अल्मोड़ा जनपद से उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज की टीम से दीपिका एवं दिव्यांशी पाठक ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान जनपद चम्पावत से आयुष शर्मा एवं नवल जोशी को मिला। विजेता टीमों को पुरस्कार के रूप में प्रथम स्थान के लिए 15000 रुपये, द्वितीय स्थान को 10000 रुपये और तृतीय स्थान को 5000 रुपये और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। परियोजना निदेशक डॉ. अजय कुमार ने कहा कि प्रतिभागी टीमों के छात्र–छात्राएं अपने जनपदों में एचआईवी के प्रति जागरूकता अभियानों में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्रीराम विद्यामंदिर की टीम के प्रतिभागियों को आगामी माह में रीजनल क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ जिस प्रतियोगिता में नौ राज्यों की टीम प्रतिभाग करेगी।

### योजनाओं से काश्तकारों को मिले लाभ को भाजपा, दुग्ध संघ चुनाव को जीत में बदलेगी : चुंफाल

देहरादून। भाजपा ने सरकारी योजनाओं से दुग्ध काश्तकारों को मिलने वाले लाभ के आधार पर दुग्ध संघों के चुनाव जीतने का दावा किया है । पार्टी मुख्यालय में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और दुग्ध संघों के लिए नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक बिशन सिंह चुंफाल ने तैयारी के दृष्टिगत एक महत्वपूर्ण बैठक ली है । इस मौके पर चुंफाल ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की दुग्ध प्रोत्साहन योजना का बड़ा लाभ हमारे काश्तकारों को मिला है । उन्होंने कहा, पहाड़ में पशुधन रोजगार का एक महत्वपूर्ण साधन रहा है और आज भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए दुग्ध व्यवसाय जीवनयापन की कड़ी है ।

## आपदा पर राजनीति करने वालों को दिख रही सीएम की कोशिशों में सियासत : भट्ट

देहरादून। भाजपा ने सिलक्यारा को लेकर कांग्रेसी रवैये को दुर्भाग्यपूर्ण बताया । साथ ही 41 जिंदगियों को बचाने की मुहिम में आ रही बाधाओं पर राजनीति करने का आरोप लगाया है । प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कटाक्ष किया कि सीएम धामी मौके रहकर रेस्क्यू टीम का हौसला बढ़ा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को उसमे भी सियासत नजर आती है ।

टनल में फंसे श्रमिकों का जीवन बचाने के मिशन में आज आई बाधा को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए भट्ट ने कहा, तमाम चुनौतियों से पार पाते हुए, हम कामयाबी के इतने करीब तक पहुंचे हैं । हमें रेस्क्यू अभियान में लगे विशेषज्ञों और आपदा प्रबंधन की टीम पर पूरा भरोसा है कि वे इस बाधा को भी दूर कर सभी को सुरक्षित बचा कर लाएगी ।

सीएम के वहां कैंप बनाने को लेकर कांग्रेसी बयानों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी एक स्वाभाविक लीडर की भांति इस बचाव अभियान की निगरानी कर रहे हैं । उन्होंने बचाव टीम को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिस विशेषज्ञ या जिस संसाधन की जरूरत हो

**रेस्क्यू में आने वाली बाधाओं पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण : भट्ट**

उसे तत्काल मौके पर बुलाएं। वे पहले मौके पर गए या जहां भी रहे, हमेशा अभियान को लेकर पल पल की जानकारी लेते रहे । रेस्क्यू अभियान की गंभीरता को देखते हुए, बचाव टीम और पीड़ित परिजनों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्होंने वहां अस्थाई कैंप लगाने का निर्णय किया है । उनके इस संवेदनशील निर्णय की प्रदेश ही नहीं देशभर में प्रशंसा हो रही है लेकिन यह सब कांग्रेस को हजम नही हो रहा है । यही वजह है कि शुरुआत से ही इस आपदा में राजनीति के अवसर ढूंढने वाली कांग्रेस को सीएम के प्रयासों में सियासत नजर आ रही है।

कांग्रेस पर परस्पर विरोधाभासी बयानबाजी का आरोप लगाते हुए कहा, भट्ट ने कहा, पहले यही लोग कहते थे कि मुख्यमंत्री, मंत्री घटनास्थल का नही, राजनैतिक दौरों में व्यस्त हैं और अब जब मुख्यमंत्री ने परिस्थिति के मद्देनजर वहां डेरा डाला है तो उसे सियासत बता रहे हैं । जबकि देश जानता है कि सुरंग में बंद श्रमिकों को दवाई, पानी, खाना, आक्सीजन समेत जो भी जरूरी चीज उन्हे चाहिए वह उनतक पहुंचाया जा रहा है । सीएम स्वयं इन सभी श्रमिकों से बात कर उनका हौसला बढ़ा रहे हैं, साथ ही पीड़ित परिजनों को भी ढांढस बंधा रहे हैं और रेस्क्यू टीम के मनोबल को भी मजबूत कर रहे हैं । उन्होंने कांग्रेस को सलाह देते हुए कहा, व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया यूनिवर्सिटी के अपुष्ट ज्ञान के आधार पर बयान देने के बजाय उन्हें जिम्मेदार राजनैतिक दल के नाते सकारात्मक रुख अख्तियार करना चाहिए । उन्हें समझना होगा कि उनके गैरजिम्मेदार सवाल, अभियान से जुड़े लोगों की कोशिशों और मंशा पर हमला है, जो उनके और पीड़ित परिवारों के विश्वास को डिगाने का काम करते हैं । उन्होंने कहा, यह तय है कि हमारी विशेषज्ञ टीम सभी मजदूर भाइयों को सुरक्षित बचाने में देर सबेर अवश्य कामयाब होगी । उन्होंने कटाक्ष कर कहा कि टीम की यह सफल कोशिश इतिहास बनने वाली है, जिसमे विपक्ष के रुख की समालोचना भी तय है ।

## मां के उत्पीड़न में फंसे पुत्र–पुत्रवधू

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र की एक बुजुर्ग महिला ने प्रताडित करने का आरोप लगाते हुए अपने पुत्र एवं पुत्रवधू के खिलाफ प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के निर्देश पर ज्वालापुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। बुजुर्ग महिला प्रकाशी देवी (75 वर्ष) निवासी पूर्वी नाथ नगर ने कोतवाली ज्वालापुर में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी और दामाद अपाहिज हैं।

वह उन दोनों के ही साथ रही रहती है। आरोप है कि उसके बड़े बेटे प्रवीण कुमार, उसकी पत्नी भावना ने प्रताडित करते हुए उसकी रसोई के आगे दीवार खड़ी कर दी, जिस वजह से हवा का आना बंद हो गई। आरोप है कि मकान के हिस्से में अवैध निर्माण कर दिया। विरोध करने पर उसके दामाद और छोटे बेटे को कोतवाली में बैठाकर रखा गया। तब तक उन्होंने लिंटर डाल दिया। आरोप है कि अवैध निर्माण कर उसकी आवाजाही बंद करने की कोशिश की जा रही है और विरोध करने पर बेटा, बहू मारपीट गाली गलौच करते हुए मारपीट पर उतर आते है। आरोप है कि बेटे ने अपनी पत्नी, साले सुनील कश्यप के साथ मिलकर देहरादून में उनकी संपत्ति को बेच दिया था।

## पुरुष फुटबॉल तथा पिस्टल व रायफल शूटिंग टीम का चयन

हरिद्वार। जीवन मे उत्साह, ऊर्जा एवं उमंग का केन्द्र खेल है। खेल मे भाग लेना तथा दर्शक के रूप मे देखने मात्र से भी व्यवहार तथा आचरण प्रभावित होता है। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय, हरिद्वार के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग की ओर से उत्तर क्षेत्र अन्तर्विश्वविद्यालय प्रतियोगिता मे प्रतिभाग के लिए समविश्वविद्यालय की पुरुष फुटबॉल तथा पिस्टल व रायफल शूटिंग टीम का चयन किया गया।

दयानंद स्टेडियम प्रांगण मे फुटबॉल टीम तथा हरिद्वार डिस्ट्रिक्ट राइफल एसोसिएशन के शक्ति संस्थान स्थित रेंज पर पिस्टल व रायफल शूटिंग टीम का चयन किया गया। फुटबॉल टीम चयन समिति के चेयरमेन डॉ0 गगन माटा तथा डॉ0 महेन्द्र सिंह असवाल ने प्रदर्शन के आधार पर समविश्वविद्यालय की टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन के अवसर पर कहा कि धैर्य एवं अनुशासन की कसौटी पर खिलाड़ी की परख से बेहतर खिलाड़ी तथा बेहतर राष्ट्रज् का निर्माण संभव है।संयोजक डॉ0 शिवकुमार चौहान ने कहा कि खिलाडी की कुशलता बेहतर खेलने से ही नहीं आंकी जा सकती बल्कि हार–जीत तथा विषम परिस्थिति खिलाडी के अस्तित्व की पहचान



कराती है। फुटबॉल टीम के लिए संभावित 21 खिलाड़ियों का चयन किया गया जिनके प्रदर्शन एवं प्रतिभाग की योग्यता के आधार पर टीम विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी।वही पिस्टल एवं रायफल शूटिंग टीम के चेयरमैन तथा एन0सी0सी0 के कैप्टन प्रो0 राकेश भुटियानी ने कहा कि खेल मे सहनशक्ति तथा धैर्य का समन्वय बनाये रखने वाला ही उत्कृष्ट खिलाडी बनता है।रेंज के व्यवस्थापक एवं हरिद्वार डिस्ट्रिक्ट राइफल एसोसिएशन के महासचिव अनुपम शौर्य वर्धन ने खिलाडियों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए रेंज की सुविधा उपलब्ध कराने तथा मार्ग–दर्शन करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ0 रविन्द्र कुमार, डॉ0 संदीप कुमार उपस्थित रहे।संयोजक डॉ0 अनुज कुमार ने बताया कि रितेश कुमार (एम0पी0एड0), जगत सिंह (बी0पी0ई0एस0), रोहित वर्मा (एम0ए0), अभिषेक पाण्डेय (बी0पी0एड0) को पिस्टल एवं रायफल शुटिंग टीम के लिए चयनित किया गया है।

## संघर्ष समिति 28 को नगर निगम में करेगी प्रदर्शन

**कोटद्वार** : कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति शहर की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर आगामी 28 नवंबर को नगर निगम कार्यालय में धरना प्रदर्शन करेगी। समिति के संयोजक नागेन्द्र उनियाल ने बताया कि कोटद्वार की गलियों, सड़कों व बाजारों में आवारा पशुओं का आतंक से निजात दिलाने, शहर में लोगों और व्यापारियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करने, कूड़ा निस्तारण, फुटपाथ खाली करने, पार्किंग शुल्क वापस लेने की मांग को लेकर 28 नवंबर को नगर निगम कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। कहा कि शहर में आवारा पशुओं के आतंक के कारण जान माल का खतरा बना हुआ है। यह पशु अब तक कई लोगों को चोटिल कर चुके है, लेकिन इस-के बावजूद भी नगर निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, पुलिस लोगों के सड़क किनारे खड़े वाहनों का चालान कर रही है। वहीं नगर निगम जनता से सड़क किनारे वाहन खड़े करने पर पार्किंग शुल्क वसूल रही है।

# एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले दो ठग गिरफ्तार

## आरोपियों से 35 हजार समेत 12 एटीएम कार्ड बरामद

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : कोतवाली पुलिस ने धोखे से एटीएम बदलकर ठगी करने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों से 35 हजार नगद, एक मोटर साइकिल, पीएनबी के छः एटीएम, एचडीएफसी के दो एटीएम, केनरा, यूनियन, एसबीआई, यूको बैंक के एक-एक एटीएम कार्ड बरामद किये है। आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी ली जा रही है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि गत शुक्रवार को रमेश चन्द्र पुत्र स्व. मोहन लाल निवासी खूनीबड़ ने शिकायत दर्ज कराई की 19 नवंबर 2023 को मेन ब्रांच एसबीआई देवी मंदिर रोड़ कोटद्वार में एटीएम से पैसे निकालने गया था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्तियों ने एटीएम बदलकर उनके खाते से 44 हजार रूपये निकाल दिये। पीड़ित की शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 420 के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक




एटीएम बदलकर ठगी करने के आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देश पर एएसपी कोटद्वार जया बलोनी के निर्देशन, विभव सैनी क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।

गठित टीम द्वारा अथक प्रयास एवं ठोस सुरागरसी पतारसी कर शनिवार को अभियुक्त आशु चौहान एवं रविन्द्र कुमार को बीईएल रोड़ कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है व अभियुक्तगणों के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी ली जा रही है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि आशु चौहान पुत्र स्व. श्री श्याम लाल निवासी मोहनपुर मिलाप नगर, थाना सिविल लाइन रूडकी जनपद हरिद्वार, रविन्द्र कुमार पुत्र स्व. रकम सिंह निवासी ग्राम पान्तोपुरा, थाना झिंझाना, जनपद शामली उत्तर प्रदेश हाल निवासी आशा प्रजापति, शिव बिहार कालोनी, थाना बहादराबाद, जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जयपाल सिंह चौहान, उपनिरीक्षक प्रधुमन सिंह नेगी, मुख्य आरक्षी चरण सिंह, वीरेन्द्र सिंह, हेमन्त कुमार, आरक्षी चन्द्रपाल, दीपक कुमार, हरीश आदि शामिल थे।

# निबंध प्रतियोगिता में साक्षी रावत ने बाजी मारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से संविधान दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी लेखनी के माध्यम से देश के स्वतंत्रता संग्राम में उत्तराखंड की जनजाति के लोगों का योगदान विषय पर प्रकाश डाला।

शनिवार को बलभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर में आयोजित निबंध प्रतियोगिता का संस्थान के एमडी बीएस नगी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की आजादी में आदिवासी जनजाति के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विभिन्न कक्षाओं की आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बीबीए की छात्रा साक्षी रावत ने पहला, बीबीए की छात्रा



निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए आईएचएमएस के छात्र-छात्राएं।

हिमानिका बिष्ट ने दूसरा और बीएचएम के छात्र पियांशु सैनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर संस्थान के ईडी अजयराज नेगी, डायरेक्टर एडमिन कर्नल बीएस गुसाईं, डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, आशुतोष द्विवेदी, नवीन किशोर, दिव्या काला, मानसी बड़थ्वाल समेत विभाग के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# कोटद्वार शहर की समस्याओं के निराकरण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार नगर निगम विकास संघर्ष समिति ने कोटद्वार क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग जिला प्रशासन से की है। कहा कि कोटद्वार की जनता समस्याओं के निस्तारण की मांग काफी लंबे समय से कर रही है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे जनता में आक्रोश व्याप्त है।

समिति के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि कोटद्वार शहर की कई समस्याओं का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। इस कारण आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने मोटर नगर निर्माण के न्यायिक विवाद को संकल्प शक्ति के साथ हल करने, चिल्लरखाल-रामनगर-लालढ़ांग मोटर मार्ग का निर्माण शीघ्र करने, राष्ट्रीय तीर्थ के रूप में कण्वाश्रम का विकास करने, सीवर ट्रीटमेंट व ट्रचिंग ग्राउंड की समस्या का समाधान करने, कोटद्वार का औद्योगिक विकास करने, आवारा जानवरों के आतंक से नगर निगम क्षेत्र को मुक्त करने, बरसाती पानी के निकास की उचित व्यवस्था करने और जनता पर लगाए जा रहे विभिन्न प्रकार के टैक्सों को समाप्त करने की मांग की है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में समिति अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवाण, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीपी नैथानी, महासचिव गोविंद डंडरियाल, राजेंद्र सिंह नेगी, विकास आर्य, प्रवेंद्र रावत और विपुल उनियाल शामिल थे।

## केंद्र सरकार सभी सुरंगों का सुरक्षा आडिट कराएं

**कोटद्वार** : पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने केंद्र सरकार से देश की समस्त सुरंगों का सुरक्षा आडिट कराने की मांग की है। कहा कि देश की सभी सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट कराया जाना बहुत जरूरी है। परिषद के सदस्यों ने इस संबंध में प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है। उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित ज्ञापन में परिषद के सदस्यों ने कहा है कि वर्तमान में उत्तराखंड के उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में 14 दिन से 41 मजदूर फंसे हुए है। कहा कि मजदूरों को बाहर निकालने के लिए विदेशी मशीनों का सहारा भी लिया जा रहा है। यह सारा घटनाक्रम सुरंग में सुरक्षा के मानकों को अनदेखा करने के कारण हुआ है। इसलिए भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए देश की सभी सुरंगों का सुरक्षा आडिट करवाया जाना चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में परिषद अध्यक्ष जीके बड़थ्वाल, सीपी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, सुरेश रावत, बलवंत सिंह रावत शामिल थे।

## अभाविप करेगी नि:शुल्क आवास व्यवस्था

**कोटद्वार** : कोटद्वार में रविवार से शुरू होने जा रही अग्निवीर भर्ती रैली में प्रतिभाग करने वाले युवाओं को अभाविप निःशुल्क आवास की व्यवस्था उपलब्ध कराएगी। यह जानकारी देते हुए जिला संगठन मंत्री मृदुल भट्ट ने बताया कि परिषद की ओर से नजीबाबाद रोड़, डिफेंस कालोनी स्थित सरस्वती भवन में युवाओं के लिए निःशुल्क आवास व्यवस्था की गई है। उन्होंने भर्ती रैली में प्रतिभाग करने वाले युवाओं से इस व्यवस्था का लाभ लेने की अपील की।

# वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता में ब्लू हाउस रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : नगर निगम के अंतर्गत जौनपुर स्थित हैप्पी होम स्कूल कोटद्वार में वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ब्लू हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की निर्देशिका उषा सिंह, प्रधानाचार्य शालिनी सिंह व मुख्य अतिथि सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी निखिल शर्मा, विशिष्ट अतिथि जनसंपर्क अधिकारी विधान सभा अध्यक्ष मनीराम शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से गुब्बारे उड़ाकर किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी गई।




हैप्पी होम स्कूल कोटद्वार में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।

इस मौके पर आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में ब्लू हाउस ने पहला स्थान प्राप्त किया।

अभिभावकों के लिए आयोजित गोला फेंक प्रतियोगिता में वीरेंद्र भंडारी, संदीप किमोठी एवं अब्दुल हकीम, महिला अभिभावकों की 50 मीटर दौड़ में दीपा, नीता, अनीता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में अनीता बिष्ट पहले, आरती सिंह दूसरे और लक्ष्मी भंडारी तीसरे स्थान पर रही।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# 2 करोड़ से होगा कमलेश्वर महादेव मंदिर का सौंदर्यकरण व जीर्णोद्धार : रावत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : श्रीनगर स्थित आवास विकास मैदान में आयोजित बैकुंठ चतुर्दशी मेला एवं विकास प्रदर्शनी 2023 का शुभारंभ उत्तराखंड के महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राजभवन से वर्चुअल माध्यम से किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को संबोधित किया वहीं बैकुंठ चतुर्दशी पर प्रदेश व क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि श्रीनगर गढ़वाल क्षेत्र का मुख्य पड़ाव है, यहां पर इस प्रकार के मेलों के आयोजन के माध्यम से युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत को समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही स्थानीय उत्पादों को देश-विदेश में पहचान मिलेगी।

कार्यक्रम में उपस्थित कैबिनेट मंत्री/स्थानीय विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने उपस्थित आम-जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीनगर मंदिरों का सर्किट है, जिसमें 21 मंदिर शामिल है जो



कि श्रीनगर की धार्मिक रूप में उन्नति और उसके महत्व को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि श्रीनगर के इन मंदिर समूहों के संरक्षण व जीर्णोद्धार के लिए 16 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। आगामी वर्ष में 2 करोड़ रुपए की लागत से कमलेश्वर महादेव मंदिर का सौन्दर्यकरण व जीर्णोद्धार कराया जाएगा।\

उन्होंने उत्तर प्रदेश के नाम पर दर्ज श्रीनगर के आवास विकास मैदान को उत्तराखंड सरकार को स्थानांतरित करने के लिए जिलाधिकारी गढ़वाल को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

उन्होंने कहा कि आवास विकास मैदान उत्तराखंड सरकार को स्थानांतरित होने के उपरांत इसे नगर निगम को स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहला अवसर है जब बैकुंठ चतुर्दशी मेला और विकास प्रदर्शनी का आयोजन नगर निगम के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है।

इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, डीआईजी एसएसबी सुभाष चंद नेगी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, मेडिकल कालेज के प्राचार्य चंद्र मोहन नेगी, उप जिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा, कमलेश्वर मंदिर के महंत आशुतोष पूरी, नागेश्वर महादेव मंदिर के महंत नितिन पूरी, जिलाध्यक्ष बीजेपी सुषमा रावत, मंडल अध्यक्ष बीजेपी जितेंद्र धिरवाण सहित भारी संख्या में आम जनमानस उपस्थित थे।

# बीईओ पौड़ी के पद पर हुई तैनाती

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : लंबे समय से खाली चल रहे बीईओ पौड़ी के पद पर तैनाती हो गई। हाल में निदेशालय से आए बीईओ मास्टर आदर्श ने पौड़ी ब्लाक का कार्यभार ग्रहण कर लिया। अभी तक बीईओ कोट सावेद आलम ही बीईओ पौड़ी का काम भी देख रहे थे।

सावेद आलम के पास जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा पर भी अतिरिक्त प्रभार है। जिले में डीईओ माध्यमिक का पद भी बीते सितंबर महीने से खाली चल रहा है। बीईओ की बात करे तो अब केवल जिले के पोखड़ा ब्लाक में बीईओ नहीं है। जबकि उपशिक्षाधिकारी के 12 पद खाली चल रहे है। एडी बेसिक गढ़वाल मंडल की सेवानिवृत्त भी इसी महीने है।

# ग्रामीणों की समस्याओं का जल्द निस्तारण करें अधिकारी : सुभाष

## खोलाचौरी पंचायत भवन में की गई जन सुनवाई, स्थानीय लोगों ने रखी क्षेत्र की समस्याएं

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : विद्युत लोकपाल (पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी) सुभाष कुमार ने तहसील पौड़ी के क्षेत्रान्तर्गत खोलाचोरी पंचायत भवन में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी। जन सुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें विद्युत विभाग व लोक निर्माण विभाग की रही। उन्होंने समस्या के निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा की जन सुनवाई में जो-जो समस्याएं ग्रामीणों द्वारा रखी गई हैं उसका निस्तारण समय पर करना सुनिश्चित करें।



विद्युत लोकपाल (पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी) सुभाष कुमार ग्रामीण की समस्या को सुनते हुए।

खोलाचोरी में आयोजित जन सुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने विद्युत आपूर्ति, विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने, खराब सड़क की मरम्मत करने, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने सहित अन्य समस्याओं को विद्युत लोकपाल के सम्मुख रखी। इस दौरान विद्युत लोकपाल ने ग्रामीणों की रखी गई समस्याओं का संज्ञान लेते हुए जल्द समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिलाया।

शिकायतकर्ता भरत लाल ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज कमलपुर में कम वोल्टेज के चलते छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर का प्रशिक्षण लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विद्युत अधिकारी को विद्यालय में कम वोल्टेज की समस्या को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। जिससे अध्यनरत छात्र-छात्राएं कंप्यूटर बेतहतर तरीके से सीख सकेंगे। ग्रामीणों द्वारा खराब सड़क की मरम्मत करने व पेयजल की शिकायत पर विद्युत लोकपाल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

इस दौरान अधिशासी अभियंता विद्युत उपखंड पौड़ी गोविन्द सिंह रावत, तहसीलदार हरेंद्र खत्री, जेई विद्युत गौतम शनियाल, विनय उनियाल, कानूनगो विनोद रतूड़ी सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# राष्ट्र की एकता बनाए रखने में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका

जयन्त प्रतिनिधि।

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन गढ़वाल विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती पर शनिवार को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रोफेसर महावीर सिंह नेगी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 125वीं वर्षगांठ पर संविधान दिवस मनाने की घोषणा 2015 में की गई।

उन्होंने राष्ट्र की एकता बनाए रखने में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका बताई। उन्होंने भारतीय संविधान की विशेषताओं पर जोर देते हुए कहा कि परिस्थितियों के अनुसार संविधान में परिवर्तन किए जा सकते है, तथा देश के विकास के मार्ग में संविधान का अग्रणी योगदान है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रति कुलपति आरसी भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रति कुलपति आर सी भट्ट ने बताया कि किस प्रकार समान परिस्थितियों के बावजूद भी भारतीय संविधान एक सफल संविधान है



प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रति कुलपति आरसी भट्ट।

और पाकिस्तान एक असफल राज्य के रूप में स्थापित हुआ है।

उन्होंने संविधान दिवस मनाने के उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रथम वह लोग हैं जिनके अथक प्रयास से संविधान का प्रारूप तैयार हुआ तथा दूसरा संविधान द्वारा नागरिकों को प्राप्त अधिकार एवमं कर्तव्यों का उत्कृष्ट समायोजन। कार्यक्रम संचालक प्रो. सेमवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अथितियों व छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर शपथ दिलाई। उन्होंने स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माण से पूर्व 1909 के मार्ले मिंटो अधिनियम, 1919 के चेम्सफोर्ड मोटेस्क्यू अधिनियम, 1929 का लाहौर अधिवेशन, 1931 में पिछड़ों के अधिकारों के पूना समझौते एवं 1935 के अधिनियम के प्रावधानों सहित क्रिप्स मिशन, संविधान निर्माण के पूर्व किए गए विभिन्न प्रयासों के इतिहास का वर्णन एवं 9 दिसंबर 1946 संविधान सभा के गठन, उसकी विभिन्न समितियों एवं उनके कार्यों सहित 26 नवंबर 1949 को संविधान के लागू होने तक संविधान सभा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

इस मौके पर प्रो. राकेश नेगी द्वारा संविधान संबंधी प्रश्नों पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने भी चित्रों और विडियोज संकेतों में छिपे संवैधानिक मूल्यों को जानने की प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इस मौ केपर अजमी प्रेमजी फाउंडेशन के जगमोहन कठैत, प्रदीप अंथवाल, मुख्य नियंता बीपी नैथानी, प्रोफेसर जेपी मेहता, डॉ. नरेश कुमार, प्रोफेसर इंदु खंडूरी, डॉक्टर कविता भट्ट, राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

## भू-धसांव से तीर्थपुरोहितों के पुश्तैनी आवासों को खतरा

**नई टिहरी** : बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान के तहत की गई खोदाई से नारायण पुरी स्थित देवप्रयाग तीर्थपुरोहितों के पुश्तैनी आवास ध्वस्त होने की कगार पर हैं। उन्होंने जिलाधिकारी चमोली को ज्ञापन भेजकर उनके आवासों को सुरक्षित करने की मांग की है। बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत नारायणपुरी में अलकनंदा तट की ओर आस्था पथ प्रस्तावित है जिसके तहत जेसीबी के जरिए खोदाई कर दी गई। मगर रेतीली मिट्टी होने से वहां भू-धसाव शुरू हो गया है जो तीर्थ पुरोहित समाज की पुरानी बस्ती तक पहुंच गया है। इससे बदरीनाथ मंदिर से जुड़ी कुबेर गली का एक हिस्सा जहां ढह चुका है वहीं, देवप्रयाग वासियों का पंचभैया मोहल्ला भी इसकी जद में आ गया है। स्थानीय अमन व भुवनेश भट्ट ने जब भू-धसांव की फोटो सार्वजनिक की तो इस पूरे मामले का पता तीर्थ पुरोहितों को चला। उन्होंने डीएम चमोली को पत्र भेजकर बताया कि जेसीबी से अत्यधिक खोदाई से उनके आवासों के ध्वस्त होने का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को सुरक्षात्मक कदम उठाने के निर्देश देने की मांग जिलाधिकारी से की। ज्ञापन भेजने वालों में प्रेमलाल पंचभैया, जितेंद्र डंगवाल, आलोक, अमित, शशिकान्त, उमाचरण पंचभैया, किशोर, जयप्रकाश, अजय, अनिल पंचभैया शामिल हैं। (एजेंसी)

# सड़कों को ठीक करने के लिए शासन को भेजी 19 करोड़ डिमांड

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : पूरे प्रदेश में लोनिवि और एनएच का सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान चल रहा है। अभियान के तहत अभी भी करीब दस फीसदी सड़कों पर काम शेष रह गया है। लोनिवि के अधिकारियों के अनुसार निर्धारित लक्ष्य के करीब 90 प्रतिशत लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है।

लोक निर्माण विभाग ने अप्रैल से लेकर मानसून तक और मानसून समाप्त होने के बाद नवंबर तक दो चरणों में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का काम किया। हालांकि शासन ने सड़कों को ठीक करने के लिए इस अभियान की समय सीमा भी 30 नवंबर तक ही दी है।

सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए लोनिवि ने हरिद्वार, देहरादून और उत्तरकाशी जनपदों को छोड़ अन्य पांच पर्वतीय जनपदों के लिए करीब 19 करोड़ की डिमांड और शासन को भेज दी है। हालांकि इस मद में अभी भी विभाग के पास 5 करोड़ शेष है। लोनिवि के मुख्य अभियंता गढ़वाल राजेश शर्मा के मुताबिक निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष करीब 1800 किलोमीटर की सड़कों को अभी तक गड्ढा मुक्त कर लिया गया है, जो करीब 90 फीसदी से अधिक है।

अन्य शेष रही सड़कों का काम भी निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा। इधर, पौड़ी-श्रीनगर एनएच पर अभी भी कई जगह सड़क ऊबड़-खाबड़ बनी है।

## आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

**नई टिहरी** : अनुसूचित जाति के लोगों को लेकर गाली-गलौज करते हुए वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर डालने के मामले में थाना घनसाली पुलिस ने ब्लाक भिलंगना के ग्राम आली सरूणा निवासी सूरज को भैंसवाड़ा पुल से गिरफ्तार कर न्यायलय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस की मीडिया सेल ने बताया कि बीती 23 नवंबर को शौकीन दास पुत्र प्यारु लाल निवासी ग्राम धारकोट, पट्टी धारमण्डल, अध्यक्ष आम्बेडकर जन विकास समिति विकासखण्ड-भिलंगना घनसाली ने थाना घनसाली पर आकर सूचना दी कि सूरज नामक व्यक्ति सोशल मीडिया (इन्स्टाग्राम) पर अनुसूचित जाति के लोगों के खिलाफ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज करते हुए लगातार वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर प्रसारित कर रहा है। इस सम्बंध में शौकीन दास आर्य ने समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में थाने पर एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसके आधार पर एससी-एसटी एक्ट बनाम सूरज पंजीकृत किया गया। आरोपी के बार-बार सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित किये जाने के कारण पुनः अपराध कारित करने से रोकने के दृष्टिगत पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेशकर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। आरोपी को पकड़ने में एसआई शैलेंद्र नेगी, सचिन कुमार व रविंद्र चौहान की भूमिका रही। (एजेंसी)

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ राज्य स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

जयन्त प्रतिनिधि।

**रुद्रप्रयाग** : रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ माध्यमिक विद्यालयों की 21वीं राज्य स्तरीय बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हो गया। उद्घाटन मैच अण्डर 17 आयु वर्ग में मेजबान रुद्रप्रयाग और चमोली के बीच खेला गया। जिसमें चमोली जनपद विजेता रहा। स्पोर्ट्स स्टेडियम अगस्त्यमुनि में प्रतियोगिता का उद्घाटन रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, रिन्यू पावर प्रालि बेड़ूबगड़ के प्लांट प्रमुख मकरन्द जोशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुमन्त तिवाड़ी एवं सेनि उप शिक्षा निदेशक रमेश प्रसाद चमोला ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि आज खेल आजीविका का भी साधन बन गया है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अनुशासित रहकर निरन्तर अभ्यास से अपने खेल में निखार लाने का आह्वान किया। उन्होंने आयोजक मण्डल को विद्यालयी खेलों की मान्यता विभिन्न नौकरियों में दिलाने के लिए कार्यवाही करने को कहा जिससे विद्यालयी खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी लाभ मिल सके। विशिष्ट अतिथि जिपं उपाध्यक्ष सुमन्त तिवाड़ी एवं रमेश चमोला ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। इससे छात्रों में पढ़ाई के साथ मानसिक विकास भी होता है। प्रतियोगिता के प्रायोजक रिन्यू पावर बेड़ूबगड़ के प्लांट प्रमुख मकरन्द जोशी ने आयोजक मण्डल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम अध्यक्ष अगस्त्यमुनि के प्रधानाचार्य हरेन्द्र बिष्ट ने अतिथियों का स्वागत किया। रुद्रप्रयाग विधायक एवं रिन्यू पावर बेड़ूबगड़ के प्लांट हेड मकरन्द जोशी का आभार व्यक्त किया। जिला क्रीड़ा समन्वयक प्रेमसिंह नेगी ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में बालिकाओं की अण्डर-14, अण्डर-17 तथा अण्डर-19 आयु वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में 11 जिलों की टीम प्रतिभाग कर रहीं हैं। हर आयु वर्ग में चार ग्रुप बनाए गए हैं। जिनमें लीग आधार पर मैच कराए जा रहे हैं।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता सच्चिदानन्द सेमवाल एवं गंगाराम सकलानी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में चिल्ड्रन एकेडमी द्वारा गणेश वन्दना, राबाइंका द्वारा स्वागत गान तथा अगस्त्य पब्लिक स्कूल, चिल्ड्रन एकेडमी तथा राबाइंका की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच अण्डर-17 आयु वर्ग में मेजबान रुद्रप्रयाग तथा चमोली के बीच खेला गया। जिसे चमोली ने कांटे के मुकाबले में रुद्रप्रयाग को 34-33 से हराया। उद्घाटन मैच में नागेन्द्र कण्डारी, कुंवर सिंह राय एवं बबीता रावत ने निर्णायक की भूमिका निभाई। जबकि राइंका कमसाल के प्रधानाचार्य मित्रानन्द मैठाणी मुख्य प्रभारी एवं शिवसिंह नेगी सह प्रभारी रहे। उद्घाटन मैच से पूर्व अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों एवं सभी ऑफिसियल क्रीड़ाध्यक्षों का परिचय लिया गया।

इस मौके पर बुरांस हेली रिसोर्ट की एकता सिंह, जिपंस सुमन नेगी, रिन्यू पावर के पृथ्वीपाल रावत, विदिशा, राबाइंका की प्रधानाचार्या रागनी नेगी, प्रधानाचार्य शिवलाल आर्य, गौरी मेमोरियल के प्रधानाचार्य विजय चमोला, राशिसं के जिलाध्यक्ष नरेश भट्ट, महामंत्री आलोक रौथाण, ब्लॉक क्रीड़ा समन्वयक शिवसिंह नेगी, स्वरूप सिंह, उम्मेद सिंह गुसाईं, ईश्वर अवस्थी, विपिन रावत, भानु प्रताप रावत, रीना बागड़ी, मीना बिष्ट, नवेन्दु रावत, मोहम्मद यामीन, रघुवीर खत्री, शेर मोहम्मद, पंकज जोशी, भगत गुसाईं सहित विभिन्न जनपदों से आये क्रीड़ा प्रभारी एवं प्रतिभागी मौजूद थे। (एजेंसी)

## विशेष बैठक 26 को

**नई टिहरी** : भाजपा मंडल नई टिहरी की विशेष बैठक का आयोजन 26 नवंबर को (आज) जिला भाजपा कार्यालय में किया जायेगा। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता मेहरबान सिंह रावत प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए नई टिहरी मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोला ने देते हुए बताया कि बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता तत्परता से प्रतिभाग करेंगे। (एजेंसी)

# मुख्यमंत्री ने कनिष्ठ सहायक के पदों पर चयनित 16 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये

जयन्त प्रतिनिधि।

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से कनिष्ठ सहायक के पद पर चयनित 16 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इनमें महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के 12 तथा संस्कृति विभाग के 4 अभ्यर्थी शामिल थे मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से आपके जीवन का नया अध्याय प्रारम्भ हो रहा है। आप सबकी कड़ी मेहनत तथा माता-पिता एवं गुरूजनों के आशीर्वाद से आपको यह सफलता मिली है। इस सफतला के बाद आपको नये जीवन में मानक तय करने होंगे। अपनी प्रतिभा, क्षमता तथा योग्यता के बल पर अपनी कार्य पद्धति में अपना सर्वोत्तम देने का प्रयास करना होगा। अपने कार्य क्षेत्र में पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ नये जीवन की शुरुआत आत्म अनुशासन और नियमित दिनचर्या के साथ करें। जन सेवा करने का आप सबको जो अवसर मिला है, इसमें अपनी सामर्थ्य का पूरा उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य का जीवन अमूल्य है। कई जन्मों के बाद मनुष्य जीवन प्राप्त होता है। इसे ईश्वर का वरदान समझे तथा अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। इससे आप सभी को आत्म संतोष भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे अच्छे एवं बुरे कार्यों का पूरा हिसाब ईश्वर रखते है इसलिये अपने कार्यक्षेत्र में भूलकर भी गलत कार्य न करें। आपके अच्छे कार्यों का लाभ आपको तो मिलेगा ही इससे समाज भी लाभान्वित होता है। इस अवसर पर सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास हरिचन्द सेमवाल, निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास प्रशान्त आर्य, निदेशक संस्कृति सुश्री बीना भट्ट सहित अन्य अधिकारी एवं नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी उपस्थित थे।



## नवोदय नगर संघर्ष समिति ने सीएमओ दफ्तर घेरा

हरिद्वार। नवोदय नगर में आबादी क्षेत्र में बन रहे कुष्ठ आश्रम को दूसरी जगह बनाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे नवोदय नगर संघर्ष समिति के लोगों ने शनिवार को सीएमओ कार्यालय का घेराव किया। सीएमओ से वार्ता के बाद संघर्ष समिति के लोग वापस धरना स्थल पर पहुंच गए। नवोदय नगर संघर्ष समिति ने बीते रविवार से उनके क्षेत्र में बनाए जाने वाले कुष्ठ आश्रम को दूसरी जगह बनाने की मांग को लेकर धरना शुरू किया था। संघर्ष समिति का धरना शनिवार को सातवें दिन भी जारी रहा। शनिवार को क्षेत्रीय पार्षद सिंहपाल सिंह सैनी के नेतृत्व में काफी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने सीएमओ कार्यालय का रुख किया। सिंहपाल सैनी ने बताया कि क्षेत्रवासियों ने सीएमओ कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान सीएमओ डॉ.मनीष सिंह से संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता की। उन्होंने बताया कि सीएमओ ने जिलाधिकारी के आगे समिति के विषय को रखने का आश्वासन दिया। जिसके बाद सभी लोग वापस धरना स्थल पर आ गये। इस दौरान संचित डागर, राधा देवी, मोनू वर्मा, दीपक नौटियाल, कुंवर सिंह बिष्ट, प्रमोद कुमार, तीरथ सिंह पटवाल, कुंवर गीतांश सिंह आदि मौजूद रहे।

## मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने गेट मीटिंग कर जताया रोष

नई टिहरी : 21 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तरांचल फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन ने जिला समाज कल्याण विभाग के समक्ष गेट मीटिंग कर मांगों पर कार्यवाही न होने को लेकर रोष जाहिर किया। मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने गेट मीटिंग के दौरान कहा कि मांगों पर गौर न हुआ तो प्रदेश संगठन के नेतृत्व में आंदोलन में तेजी लाई जायेगी। शनिवार को उत्तरांचल फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज से जुड़े पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने जिला समाज कल्याण विभाग के सामने जनजागरण गेट मीटिंग कर नारेबाजी करते हुए 21 सूत्रीय मांगों पर कार्यवाही की प्रदेश सरकार से मांग की। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अगर प्रदेश सरकार उनकी मांगों पर जल्दी ही गौर नहीं करती है, तो एसोसियेशन आंदोलन की रणनीति तेज करेगा।

जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से सरकार की होगी। मिनिस्ट्रीयल कर्मियों की मांग है कि कनिष्ठ सहायक के पद लेवल चार में 25500-81100 अनुमन्य किया जाय। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के वर्तमान कुल स्वीकृत 6 प्रतिशत पदों में से 03 प्रतिशत पदों को उच्चीकृत कर उपनिदेशक प्रशासक एवं प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी लेबल 67700-208700 किया जाय। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी समूह ख के राजपत्रित पद का गजट नोटिफिकेशन किया जाय। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कर्तव्य और दायित्वों का निर्धारण पद की गरिता के अनुरूप किया जाय। 2005 के बाद नियुक्त कार्मिकों को अंशदायी पेंशन योजना से आच्छादित किया जाय आदि हैं।

## स्कूली बच्चों व महिला मंगल दलों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : पूर्व विधायक स्वर्गीय शेर सिंह दानू की स्मृति में आयोजित सांस्कृतिक एवं औद्योगिक पर्यटन विकास मेले के तीसरे दिन मेले में स्कूली बच्चों और महिला मंगल दल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। मेले के तीसरे दिन बॉलीवाल, कैरम, सतरंज, रस्साकसी जलेबी दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बालिकाओं की 5 किमी. दौड़ में अंजली ने प्रथम स्थान, कलावती ने द्वितीय, पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि डीएस बर्त्वाल, विशिष्ट अतिथि भुवन नौटियाल का मेला समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह राणा ने बैच अलंकरण कर और अंग वस्त्र ओढ़ा कर स्वागत किया। मेले के दौरान आयोजित शिविर में आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग द्वारा 60 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया। पशुपालन द्वारा 18 पशुपालकों को पशु बीमारी की रोकथाम हेतु निःशुल्क दवा वितरित की गयी। साथ ही 6 घोड़े व खच्चरों का उपचार किया गया। कृषि विभाग द्वारा 10 लोगों को कृषि यंत्र व रसायन वितरित वितरित किए गए। समाज कल्याण द्वारा विभिन्न पेंशन से जुड़ी 20 समस्याओं का निस्तारण व 2 लोगों के शादी अनुदान के फॉर्म जमा किए गए।



## छात्र-छात्राओं को दी आपदा प्रबंधन से जुड़ी जानकारियां



चमोली : शनिवार को डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग में सिक्स्थ वर्ल्ड कांग्रेस ऑन डिजास्टर मैनेजमेंट (डब्ल्यू.सी.डी.एम.) के अंतर्गत एसडीआरएफ ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यशाला में उपनिरीक्षक कुलदीपक पांडेय ने आपदा से पूर्व, आपदा के समय और आपदा के बाद से जुड़ी तैयारियों तथा बचाव व राहत कार्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। एसडीआरएफ की टीम ने आपदा प्रबंधन में उपयोग में आने वाली सामग्री व उपकरणों को प्रदर्शित कर उनके प्रयोग की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. के.एल.तलवाड़ ने कहा कि उत्तराखंड प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील राज्य है, इसलिए इस प्रकार की कार्यशालाओं की अत्यंत आवश्यकता है। महाविद्यालय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के संयोजक डा.तौफिक अहमद ने कहा कि निकट भविष्य में आपदा प्रबंधन पर साप्ताहिक प्रशिक्षण भी विद्यार्थियों को दिया जायेगा। व्यावहारिक प्रशिक्षण में आयुष, शिवानी, यश, अमीषा व साहिबा ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में डा. भरत बैरवाण, डा. वीपी. भट्ट, डा. मदन शर्मा, डा. पूनम चौहान, डा. शालिनी सैनी, डा. दिशा शर्मा, डा. शीतल देश-वाल, डा. हिना नौटियाल, डा. नरेंद्र पंघाल, डा. विजय कुमार, डा. हरीश बहुगुणा आदि सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## गुरुकुल के 15 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कॉरपोरेट अफेयर्स एण्ड आउटरीच सैल छात्रों एवं छात्राओं को रोजगार के अवसर प्रदान कराने में लगातार प्रयास कर रहा है। सैल के माध्यम से प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा लगातार छात्र एवं छात्राओं को चयनित किया जा रहा है। पूर्व में भी समविश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्रों एवं छात्राओं को विभिन्न कम्पनियों द्वारा रोजगार के अवसर मिलते रहे हैं एवं छात्र/छात्राएं भी अपनी कार्यकुशलता एवं कर्मठता से अपने भविष्य को उज्ज्वल बना रहे है। समविश्वविद्यालय के इंचार्ज – सी0ए0ओ0सी0 एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ0 राजुल भारद्वाज ने बताया है कि देश की प्रतिष्ठित कम्पनियाँ नैक्टर लाइफसाइंसेज लिमिटेड (डेराबस्सी) कंपनी ने समविश्वविद्यालय के एम0एस–सी0(रसायन) एवं एम0एस–सी0(माइक्रोबायोलॉजी) के छात्रों को चयनित करने हेतु कैम्पस ड्राइव किया गया। प्लेसमेंट सम्बन्धी प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् कम्पनी द्वारा 15 छात्रों का चयन किया गया जिसमें नेक्टर लाइफसाइंसेज लिमिटेड (डेराबस्सी) कंपनी से एच0आर0 अधिकारी मुनीश एवं उनकी टीम द्वारा एम0एस–सी0(रसायन) के 05 छात्र हिमांशु आर्य, विजय पाल, चिराग सैनी, दिव्यांश, अरूनेश नारायण, दीपक कुमार, मानस खतरी, गुरवेश पाल एवं रोहित राणा को चयनित घोषित किया।

## बागेश्वर की घटना के खिलाफ महानगर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिद्वार। महानगर कांग्रेस ने शनिवार को बागेश्वर में नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना के विरोध में देवपुरा चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी और कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि बागेश्वर में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना से उत्तराखंड को शर्मसार होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं से साफ है भाजपा राज में बेटियां सुरक्षित नहीं है। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ मुरली मनोहर और पूर्व विधायक रामयश सिंह ने बागेश्वर की घटना में बजरंग दल के एक नेता की संलिप्तता का आरोप लगाया। वरिष्ठ नेता राजबीर सिंह और पूर्व अध्यक्ष ओपी चौहान ने कहा कि नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी को जब तक सख्त सजा नहीं मिल जाती तब तक कांग्रेस के कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू मिश्रा और लता जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा। महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष संतोष चौहान और वरिष्ठ श्रमिक नेता विकास सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में अंकिता भण्डारी हत्याकांड हो या नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना हो दोनों में भाजपा और उनसे जुड़े नेताओं की संलिप्तता रही है। पार्षद राजीव भार्गव और इसरार सलमानी ने कहा कि अगर जल्द से जल्द दोषी को सख्त से सख्त सजा नहीं दी गई तो कांग्रेसी बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं0 48/2023 दिनांक :- 24.11.2023**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रू0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रू0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनाँक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 19/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2022 दूसरा कॉलः– डीईएन/IV/एमबी के तहत बिजनौर स्टेशन पर नए अधिकारी विश्राम गृह की व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य। | 2370811.67 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | 47400.00 | 3 (तीन) माह | निविदायें दिनांक 18.12.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |
| 2. | 53/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023:- मुरादाबाद मंडल के विभिन्न क्षमताओं और हेड के सबमर्सिबल पंपों और मोटरों की मरम्मत और रिवाइंडिंग का कार्य। | 2528634.01 (जीएसटी सहित) | | 50600.00 | 6 (छः) माह | | |

3707/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# करे कोई, भरे कोई

दुनिया के सबसे धनी एक प्रतिशत लोग उससे भी ज्यादा कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं, जितना सबसे गरीब 66 फीसदी लोग करते हैं। ये लोग एयरकंडीशंड माहौल में रहते हैं, जबकि उनकी करनी का फल गरीबों को भुगतना पड़ रहा है। दुनिया जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणाम भुगत रही है। संयुक्त राष्ट्र यह ताजा चेतावनी है कि अभी जो रफ्तार है, उससे ही सब कुछ चलता रहा, तो इस सदी के अंत तक धरती का तापमान औद्योगिक युग शुरू होने के समय की तुलना में तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका होगा। वैज्ञानिक दशकों से चेतावनी दे रहे हैं कि डेढ़ डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ोतरी का मतलब विनाश है। ऐसा होना शुरू हो चुका है। इसके बावजूद दुनिया में ना सिर्फ सब कुछ यथावत चल रहा है, बल्कि अब तो दिशा भी पलट रही है। कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के बाद बनी परिस्थितियों में यूरोपीय देशों में भी वैसी ऊर्जा का चलन बढने लगा है, जो पहले जलवायु की समस्या को लेकर अधिक संवेदनशील नजर आते थे। तो आखिर ऐसा कैसे और क्यों हो रहा है? हालांकि यह कोई नया तथ्य नहीं है, लेकिन एक ताजा अध्ययन रिपोर्ट ने इस पहलू को उजागर किया है। गैर-सरकारी संस्थाओं ऑक्सफेम और स्टॉकहोम इनवायरनमेंट इंस्टीट्यूट ने अपने अध्ययन से इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि दुनिया के सबसे धनी एक प्रतिशत लोग उससे भी ज्यादा कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं, जितना सबसे गरीब 66 फीसदी लोग करते हैं। इस अध्ययन में बताया गया है कि दुनिया के सात करोड़ 70 लाख लोग एक प्रतिशत अमीर की श्रेणी में आते हैं। इनमें अरबपतियों और करोड़पतियों के अलावा वे लोग शामिल हैं, जिनकी सालाना आय एक लाख 40 हजार अमेरिकी डॉलर (साढ़े 11 करोड़) से ज्यादा है। यह रिपोर्ट 2019 के आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई है। उसके मुताबिक कुल कार्बन उत्सर्जन में इस एक फीसदी आबादी का हिस्सा 16 प्रतिशत है। ये वो तबका है, तो असल में दुनिया पर राज कर रहा है- जो सारी नीतियों और निर्णयों को अपने मुताबिक ढलवाने में कामयाब रहता है। यह तबका अपनी जीवन शैली पर कोई समझौता नहीं करना चाहता। रिपोर्ट में इसे कार्बन इलीट कहा गया है, जो एयरकंडीशंड माहौल में रहते हुए जलवायु परिवर्तन के प्रत्यक्ष परिणामों से बचा रहता है। जबकि उसकी करनी का असर वे आम लोग रहे हैं, जिनका उत्सर्जन में योगदान बेहद कम है।

# लोकसभा चुनाव के लिए मुद्दों की तलाश

**अजीत द्विवेदी**

यह सिर्फ कहने की बात नहीं है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव देश की राजनीति को दिशा देने वाले होंगे और इनसे पता चलेगा कि अगला लोकसभा चुनाव किन मुद्दों पर लड़ा जाएगा। यह आमतौर पर हर चुनाव के बारे में कहा जाता है लेकिन इस बार पांच राज्यों के चुनाव का मामला थोड़ा अलग है। इन पांचों राज्यों में उन सारे दांव-पेंच की परीक्षा होने वाली है, जिनके दम पर लोकसभा का अगला चुनाव लड़ा जाना है। लोकसभा चुनाव में आजमाए जाने वाले तमाम हथियारों को इन चुनावों में धार दिया जा रहा है। चाहे हिंदुत्व के मुद्दे के दम पर ध्रुवीकरण की राजनीति हो या लोक लुभावन वादों के जरिए लोक कल्याण की राजनीति को नया स्वरूप देना हो या जाति की राजनीति के सहारे हिंदुत्व के व्यापक मुद्दे का जवाब देना हो या लूट का पैसा वसूल कर लोगों को लौटाने की रॉबिनहुड मार्का राजनीति का दांव हो, सबकी परीक्षा इस चुनाव में होनी है। इससे पहले किसी चुनाव में इतने व्यापक पैमाने पर राजनीतिक दांव-पेंच नहीं आजमाए गए हैं।

लोक लुभावन घोषणाओं के जरिए आम लोगों को आकर्षित करने की राजनीति का मौजूदा दौर वैसे तो अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शुरू किया था। कांग्रेस ने जब कर्नाटक में इसमें नई चीजें जोड़ कर इसे आजमाया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे 'मुफ्त की रेवड़ी' कह कर देश को इससे बचाने की जरूरत बताई थी। लेकिन कर्नाटक में कांग्रेस की भारी भरकम जीत के बाद प्रधानमंत्री ने 'मुफ्त की रेवड़ी' का जुमला बोलना बंद कर दिया है। अब भाजपा आगे बढ़ कर इस दांव को आजमा रही है। एक तरफ कांग्रेस, पांच-छह-सात गारंटियों की घोषणा कर रही है तो दूसरी ओर भाजपा भी 'मोदी की गारंटी' के नाम से अपना घोषणापत्र पेश कर रही है, जिसमें महिलाओं को नकद पैसे देने से लेकर रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी, ऊंची कीमत पर किसानों की फसल की खरीद, मुफ्त में स्कूटी और लैपटॉप आदि देने के वादे कर रही है। मोदी ने चुनाव प्रचार के बीच ऐलान कर दिया कि सरकार अगले पांच साल तक पांच किलो अनाज फ्री में देगी। दूसरी ओर कांग्रेस भी सारी सीमाएं तोड़ रही है। मुफ्त बिजली, पानी से लेकर मुफ्त की बस यात्रा और नर्सरी कक्षा के बच्चे से लेकर हर वयस्क महिला के खाते में नकद पैसे डालने तक के वादे कर रही है। पांच राज्यों के चुनाव नतीजों में यह देखने वाली बात होगी कि किसकी गारंटी और किसके वादे पर जनता ने ज्यादा भरोसा किया। जिसकी गारंटी को जनता स्वीकार करेगी वह लोकसभा चुनाव में और बढ़-चढ़ कर गारंटी देगा।



हिंदुत्व के सबसे बड़े मुद्दे की परीक्षा भी इन चुनावों में होनी है। पांच राज्यों के चुनाव के बीच अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन की तारीख आई है। राम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री मोदी से मिल कर उनको 22 जनवरी को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ और भाजपा ने 22 जनवरी से पहले 10 दिन तक पूरे देश में राममय माहौल बनाने का ऐलान किया है। इस वजह से बिना कहे भाजपा ने अयोध्या राममंदिर का मुद्दा पांच राज्यों के चुनाव प्रचार के केंद्र में ला दिया है। इसके अलावा हिंदुत्व के और भी मुद्दे आजमाए जा रहे हैं। जैसे तेलंगाना में भाजपा ने अपने घोषणापत्र में कहा कि उसकी सरकार बनी तो वह समान नागरिक संहिता लागू करेगी। गौर करने की बात है कि इस घोषणा से पहले मीडिया में यह खबर आई थी कि जल्दी ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता पर विचार के लिए बनाई गई जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की कमेटी अपनी रिपोर्ट देगी और उत्तराखंड सरकार विधानसभा का विशेष सत्र बुला कर इसे कानून बना देगी। इस खबर के बाद तेलंगाना में भाजपा ने इसका वादा किया है।

इसी तरह हिंदुत्व की राजनीति के तहत तेलंगाना में भाजपा ने यह भी वादा किया है कि उसकी सरकार बनी तो वह लोगों को मुफ्त में अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन कराने ले जाएगी। यह बात और भी राज्यों में कही गई है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में तो भाजपा के नेता दो कदम और आगे बढ़ गए। मध्य प्रदेश में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि चुनाव पर पाकिस्तान की नजर है और अगर भाजपा हारी तो पाकिस्तान में खुशियां मनाई जाएंगी। यह बात राजस्थान में विधानसभा चुनाव लड़ रहे महंत बालकनाथ ने कही और बड़े प्रचार के तौर पर राजस्थान भेजे गए रमेश विधूड़ी ने भी कही। वे संसद में एक मुस्लिम सांसद से बदतमीजी करके चर्चा में आए हैं। राजस्थान में एक दर्जी कन्हैयालाल की दो मुस्लिम युवाओं द्वारा हत्या के मामले को भी भाजपा के नेता हाईलाइट कर रहे हैं। नाथ संप्रदाय के महंत बालकनाथ को चुनाव लड़ा कर भाजपा ने यह भी मैसेज बनाया कि राजस्थान में उनको मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। उधर छत्तीसगढ़ में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इकलौते मुस्लिम विधायक के क्षेत्र में जाकर माता कौशल्या की भूमि की पवित्रता की रक्षा करने की अपील की। पहले तो उन्होंने मुस्लिम विधायक पर बड़ी नस्ली टिप्पणी की थी, जिस पर चुनाव आयोग ने उनको नोटिस भी जारी किया है। सो, यह चुनाव हिमंत बिस्वा सरमा, योगी आदित्यनाथ और रमेश विधूड़ी सहित ऐसे कई नेताओं की उपयोगिता की परीक्षा वाला भी है।

इस चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों ने जाति गणना का बड़ा मुद्दा बनाया है। कांग्रेस पार्टी की ओर से तो मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी दोनों जाति गणना के मुद्दे को सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे के तौर पर पेश कर रहे हैं। राहुल ने हर जगह वादा किया है कि कांग्रेस की सरकार बनते ही जातियों की गिनती कराई जाएगी। उन्होंने कर्नाटक में दिया गया अपना नारा 'जितनी आबादी उतना हक' को बार बार दोहराया है। भाजपा भी इसमें पीछे नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि भाजपा जाति गणना के खिलाफ नहीं है। इसके बाद उन्होंने जाति राजनीति के सबसे बड़े गढ़ यानी बिहार जाकर कहा कि बिहार में जाति गणना का फैसला उस समय हुआ था तब भाजपा भी सरकार का हिस्सा थी। इस तरह उन्होंने जाति गणना का श्रेय लिया। उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी ने 35 फीसदी मंत्री ओबीसी समुदाय के बनाए हैं। उन्होंने कांग्रेस को इस आधार पर कठघरे में खड़ा किया कि भाजपा ने उससे ज्यादा ओबीसी मुख्यमंत्री बनाए हैं। इसके बावजूद जाति गणना और आरक्षण बढ़ा कर पिछड़ी जातियों को अपने साथ जोडने का बड़ा अभियान कांग्रेस ने छेड़ा है। कर्नाटक के बाद पांच राज्यों में इस मुद्दे की परीक्षा होनी है। अगर कांग्रेस को कामयाबी मिलती है तो हिंदुत्व के मुद्दे के बरक्स रामबाण की तरह लोकसभा चुनाव में इसका इस्तेमाल किया जाएगा।राहुल गांधी के रॉबिनहुड वाली छवि की परीक्षा भी इन चुनावों में होनी है। वे तेलंगाना में बार बार कह रहे हैं कि केसीआर सरकार ने जनता का जितना पैसा लूटा है वह वसूला जाएगा ।

# भाजपा में कांग्रेसी नेताओं का बढता महत्व

एक समय था, जब भारतीय जनता पार्टी में बाहरी लोगों के लिए कोई जगह नहीं होती थी। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाजपा नेताओं की नर्सरी होती थी। वहीं से नेता निकलते थे। अब भी निकलते हैं लेकिन अब भाजपा ने लैटरल एंट्री के दरवाज खुल गए हैं। जिस तरह से निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को सरकारी विभागों में लेटरल एंट्री दी जा रही है और सीधे संयुक्त सचिव बनाया जा रहा है, जो पहले आईएएस अधिकारियों के लिए ही आरक्षित थी उसी तरह भाजपा में दूसर पार्टियों के 'विशेषज्ञ नेता' एंट्री ले रहे हैं और सीधे मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव आदि बन रहे हैं। राजनीति में विचारधारा के लोप का यह प्रत्यक्ष असर है।

बहरहाल, यह प्रक्रिया पिछले कई बरसों से चल रही है। अभी गोवा की घटना ने इस ओर फिर से ध्यान दिलाया है। गोवा में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार है। 40 सदस्यों की विधानसभा में

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाजपा नेताओं की नर्सरी होती थी। वहीं से नेता निकलते थे। अब भी निकलते हैं लेकिन अब भाजपा ने लैटरल एंट्री के दरवाज खुल गए हैं। जिस तरह से निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को सरकारी विभागों में लेटरल एंट्री दी जा रही है और सीधे संयुक्त सचिव बनाया जा रहा है, जो पहले आईएएस अधिकारियों के लिए ही आरक्षित थी उसी तरह भाजपा में दूसर पार्टियों के 'विशेषज्ञ नेता' एंट्री ले रहे हैं और सीधे मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव आदि बन रहे हैं।

भाजपा के अपने 28 विधायक हैं और इसके अलावा महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के दो और तीन निर्दलीय विधायकों का भी समर्थक है। इसका मतलब है कि विपक्ष में सिर्फ सात विधायक हैं, जिसमें कांग्रेस के तीन हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 11 विधायक जीते थे, जिसमें से आठ पाला बदल कर भाजपा में चले गए हैं। पहले भी भाजपा के जीते हुए 20 लोग में अनेक ऐसे हैं, जो कांग्रेस से आए थे और पार्टी ने टिकट दिया था।

अब भाजपा ने अपने एक पुराने और प्रतिबद्ध नेता नीलेश कबराल को मंत्री पद से हटा दिया है और उनकी जगह कांग्रेस से आए अलेक्सो सिक्वेरा को मंत्री बनाया है। कबराल ने कहा कि उनको पार्टी के लिए बलिदान देने को कहा गया। वे वरिष्ठ नेता हैं और प्रमोद सावंत की सरकार में पीडब्लुडी मंत्री थी। उनके हटाने के बाद मुख्यमंत्री सांवत ने पीडब्लुड मंत्रालय तो अपने पास ही रखा लेकिन कांग्रेस से आए सिक्वेरा को चार मंत्रालय दिए। सवाल है कि क्या भाजपा को भी अपने विधायक टूटने और सरकार गिर जाने का खतरा सता रहा था या अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले पूर्व कांग्रेसी नेताओं को खुश करने की कोशिश हो रही है ताकि राज्य की लोकसभा की दोनों सीटें जीतने में दिक्कत न आए?

## शशि थरूर करेंगे दिल्ली में केएलएफ के उद्घाटन समारोह की मेजबानी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** कांग्रेस नेता शशि थरूर 12 दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी में केरल साहित्य महोत्सव (केएलएफ) के उद्घाटन समारोह की मेजबानी करेंगे। यूनेस्को ने हाल ही में कोझिकोड को भारत में पहला 'साहित्य का शहर' घोषित किया है, इस सम्मान का श्रेय शहर की समृद्ध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री को दिया जाता है, इसमें केएलएफ इस यात्रा में एक प्रमुख उत्प्रेरक के रूप में काम कर रहा है। केएलएफ 2024 में तुर्की सम्मानित अतिथि देश के रूप में सुर्खियों में रहेगा। रूमी के घर कोन्या के मूल सूफी नर्तक, 25 से अधिक कलाकारों के साथ 13 जनवरी को कोझिकोड के समुद्र तटों पर मंचन करेंगे। उपस्थित वक्ताओं और लेखकों में एम.टी. वासुदेवन नायर, अरुंधति रॉय, कैलाश सत्यार्थी, पीयूष पांडे, टी.एम. कृष्णा, विक्कू विनायकराम, गुरुचरण दास, पलानीवेल त्यागराजन, अंकुर वारिकू, विलियम डेलरिम्पल, प्रकाश राज, मल्लिका साराभाई और अन्य शामिल होंगे। प्रसिद्ध लेखक प्रो. के सच्चिदानंदन महोत्सव निदेशक के रूप में कार्यभार का नेतृत्व करेंगे।

## शार्ट सर्किट से घर में लगी भीषण आग, 5 लोग झुलसे– 3 ने तोड़ा दम

**मोतिहारी ,(एजेंसी)।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिला के घोड़ासहन थाना क्षेत्र में एक आवासीय घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य दो लोग बुरी तरह झुलस गए। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर अग्निशमन दस्ता और पुलिस की टीम पहुंची। किसी तरह घर में बंद लोगों को बाहर निकाला जा सका। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, पुरनहिया चौक निवासी सुबोध पंडित अपने परिवार के साथ बीती रात घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर सोए थे। सुबह में मॉर्निंग वाक को निकले लोगों ने घर से धुआं उठता देखा शोर मचाया। इस दौरान घर में आग फैल चुकी थी। इसी बीच स्थानीय लोगों ने पुलिस और अग्निशमन दस्ते को इसकी सूचना दी। अग्नि शमन की टीम पहुंची और घर के अंदर फंसे लोगों को निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान घर के मालिक सुबोध पंडित ने छत से नीचे छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों की मदद से छत के रास्ते फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। उन्हें स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। घोड़ासहन के थाना प्रभारी संतोष शर्मा ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। मृतकों की पहचान रौशन कुमार पंडित, कविता देवी और शालू कुमारी के रूप में की गई है। घटना के बाद स्थानीय लोग काफी आक्रोशित हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मलेरिया जैसे लक्षणों की बीमारी ने ली पांच और बच्चों की जान, लोगों में हड़कंप, अब तक एक दर्जन मौत

**रांची ,(एजेंसी)।** झारखंड के गोड्डा के बाद पाकुड़ जिले में भी बड़ी संख्या में बच्चे मलेरिया से मिलते-जुलते लक्षणों की बीमारी से पीड़ित हैं। गोड्डा में बीमारी से जहां सात बच्चों की मौत हुई है, वहीं पाकुड़ में भी पांच बच्चों की जान चली गई है। ये सभी मौतें आठ से दस दिनों के दौरान हुई हैं।

मरने वाले सभी बच्चे आदिम जनजाति और जनजातीय परिवारों के हैं। पाकुड़ जिले से मिली खबर के मुताबिक लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बड़ा कुलटो गांव में बीते पांच दिनों में जिन पांच बच्चों की जान बीमारी से चली गई है, उनके नाम छिता हांसदा, देतबाबू मरांडी, लीलमुनी मुर्मू, सुनीता मुर्मू और माइकल मरांडी हैं। इन सभी बच्चों की उम्र 2 से लेकर 12 साल के बीच थी।

# मामूली सुधार के बाद भी हवा बेहद खराब, छह दिन नहीं सुधारेंगे हालात, फरीदाबाद सबसे प्रदूषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हवा के रुख में आए बदलाव से प्रदूषण स्तर में मामूली सुधार के बाद भी दिल्ली की आबोहवा बेहद खराब है। शनिवार को दिल्ली का प्रदूषण सूचकांक 389 दर्ज किया गया जो शुक्रवार के मुकाबले 26 अंक कम है। शनिवार को दिल्ली में प्रदूषण के लिए स्थानीय कारक सबसे ज्यादा जिम्मेदार रहे।

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में मुख्य सतही हवा चार किमी प्रति घंटे की गति से पूर्वोत्तर-पूर्व दिशाओं से चली। सुबह के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहे व धुएं के कारण प्रदूषण स्तर को बढ़ने का मौका मिला। वहीं दिन में चली सर्द हवा के कारण प्रदूषण कण फैल नहीं पाए। हालांकि दिन में खिली हल्की धूप व हवा के रुख में



आए बदलाव के कारण प्रदूषक तत्वों से थोड़ी राहत मिली जिस कारण शुक्रवार के मुकाबले प्रदूषण स्तर में मामूली सुधार हुआ।

शनिवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही। रविवार से वायु गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद है। हालांकि 28 नवंबर तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में ही रह सकता है। अगले छह दिनों की बात करें तो सुधार की कोई खास उम्मीद नहीं है और वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रहने की आशंका है।

संस्थान के मुताबिक रविवार को हवा की दिशाओं में बदलाव होगा। सुबह के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है और हल्के कोहरे के साथ मुख्य सतही हवा दक्षिण पूर्व दिशाओं से चार से आठ किमी प्रति घंटे के गति से चल सकती है। जबकि सोमवार को प्रमुख सतही हवा पूर्वोत्तर दिशाओं से चार से आठ किमी प्रति घंटे की गति से चल सकती है। सुबह के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। वहीं कुछ स्थानों पर बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। बारिश के बाद प्रदूषण स्तर में सुधार की उम्मीद बन रही है। शनिवार को अनुमानित अधिकतम मिक्सिंग हाइट 1150 मीटर रही।शनिवार को दिल्ली-एनसीआर में फरीदाबाद सबसे ज्यादा प्रदूषित रहा। यहां प्रदूषण सूचकांक 416 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी है। वहीं गाजियाबाद का एक्यूआई 389, ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 368, गुरुग्राम में 336 और नोएडा में एक्यूआई 366 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शनिवार को हवाओं में सुधार के कारण दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर में गिरावट दर्ज हुई है।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक दिल्ली के 19 केंद्रों के उपलब्ध आंकड़ों में सात केंद्रों में प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में रहा। इसमें द्वारका का एक्यूआई 416, आरके पुरम का 418, पटपड़गंज 427, अशोक विहार में 424, सोनिया विहार में 430, पूसा में 405 और बुराड़ी में 413 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## इजरायल दूसरे बैच में 42 फिलिस्तीन कैदियों और हमास 14 इजरायली बंधकों को करेगा रिहा

**खान यूनिस, एजेंसी।** हमास और इजरायल के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम के दौरान चल रही अदला-बदली के तहत शनिवार को दूसरे बैच में इजरायल के 42 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने के बदले में हमास 14 इजरायली बंधकों को रिहा करेगा। मिस्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते के तहत इजरायली जेलों में बंद 42 फिलिस्तीनियों को भी रिहा किया जा रहा है, जिनमें 18 महिलाएं और 24 लड़के शामिल हैं। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बोलते हुए कहा कि उन्हें चल रही वार्ता के विवरण के बारे में बात करने की अनुमति नहीं थी। उन्होंने कहा कि मध्यस्थ मिस्र और कतर ने इजरायल को हमास द्वारा दिए गए उन बंधकों की एक सूची दी है जिन्हें रिहा किया जाना है।

संघर्ष विराम के पहले दिन शुक्रवार को 63 कैदियों और बंधकों को रिहा किया गया था। आगामी अदला-बदली में हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजरायल पर हमले के



दौरान बंधक बनाए गए लगभग 240 बंधकों में से 24 को कल रिहा करने के बाद हुई है। बदले में इजरायल ने 39 फिलिस्तीनियों को जेल से रिहा कर दिया है। गाजा में कैद से मुक्त कराए गए लोगों में 13 इजरायली, 10 थाई नागरिक और फिलीपींस का एक नागरिक था।

हमास ने संघर्षविराम के दौरान 50 बंधकों को छोड़ने का वादा किया है जबकि इजरायल 150 फिलिस्तीनी बंधकों को रिहा करेगा। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल अंसारी ने बताया कि दोनों पक्षों ने रिहा किये जाने वाले बंधकों की सूची जारी की है।इजरायल ने रिहाई योग्य 300 कैदियों की एक सूची भी प्रकाशित की है।

## ड्रोन के जरिए सर्वे प्रक्रिया को पूरी करने पर यूपी सरकार का फोकस

**लखनऊ ,(एजेंसी)** यूपी के जेवर एयरपोर्ट समेत तमाम परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए तेज गति से कार्य चल रहा है। ग्रेटर नोएडा के तमाम क्षेत्रों में वृहद एरियल ड्रोन सर्वे की तैयारी कर ली गई है। सीएम योगी की अध्यक्षता में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के विकास का रोडमैप तैयार किया गया था और इसी के एक प्रमुख चरण के तौर पर ड्रोन सर्वे की प्रक्रिया को शुरू करने की तैयारी हो गई है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए कुल 7 जोन्स का चिन्हांकन किया है, जिनमें आने वाले विभिन्न गांवों का एरियल सर्वे करने की तैयारी है। कई चरणों में इस प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। पहले चरण में मुख्यतः 15 गांवों में ड्रोन सर्वे होंगे। वहीं, ड्रोन सर्वे की इस सारी प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए 6 महीने की समयसीमा निर्धारित की गई है। इस क्रम में ई-बिडिंग प्रक्रिया के जरिए कॉन्ट्रैक्टर एजेंसी का निर्धारण किया जाएगा तथा कार्यों की पूर्ति के लिए बाकायदा जनशक्ति आबद्ध की जाएगी।

सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार ड्रोन सर्वे के जरिए यीडा के अंतर्गत आने वाले जोन 5 व 6, जोन 7, जोन 9, जोन 3 जोन 8 व जोन 4 के गांवों में ड्रोन सर्वे को अंजाम देने की तैयारी की जा रही है। यह ड्रोन सर्वे कई मामलों में विशिष्ट होगा और इसके जरिए गांवों की अवसंरचना व भौगोलिक परिस्थितियों की मैपिंग तथा चिह्नांकन की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। इस कार्य का निरीक्षण यीडा के सीईओ द्वारा स्वयं किया जाएगा।

सर्वे को पूर्ण करने के लिए जिन कॉन्ट्रैक्टर एजेंसियों को कार्य आवंटित किया जाएगा, उन्हें निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए जनशक्ति आबद्ध करने का भी अधिकार होगा। सर्वे को पूर्ण करने के लिए एजेंसी द्वारा कैंप्स का गठन किया जाएगा तथा आवश्यकता अनुसार इंजीनियर्स व टेक्निकल स्टाफ को भी आबद्ध किया जाएगा।

## केरल उच्च न्यायालय ने निराश्रित महिलाओं व बच्चों के लिए भरण-पोषण कानून की वकालत की

**कोच्चि , (एजेंसी)।** केरल उच्च न्यायालय ने संसद से एक व्यापक भरण-पोषण कानून लाने पर विचार करने का आग्रह किया है ताकि निराश्रित महिलाओं और बच्चों को कानूनी कदम उठाए बिना मासिक भत्ता मिल सके। न्यायमूर्ति सी.एस. डायस ने बताया कि शीर्ष अदालत रखरखाव आवेदनों के निपटान और आदेशों को लागू करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए दिशानिर्देश लेकर आई है, लेकिन किसी कारण से इसमें भारी देरी हो रही है और इसलिए सुझाव दिया गया है कि संसद आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) में बदलाव लाए जो पत्नियों, बच्चों और माता-पिता के भरण-पोषण से संबंधित है।

अदालत ने कहा, निराश्रित महिलाओं और बच्चों को अपने मासिक भरण-पोषण के लिए अदालतों के गलियारों में भटकना पड़ता है, जिससे उनकी मुसीबतें और बढ़ जाती हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रजनेश बनाम नेहा मामले में दिए गए आधिकारिक फैसले के आलोक में और अदिति उर्फ मीठी बनाम जितेश शर्मा मामले में फिर से दोहराए गए फैसले के आलोक में, इस न्यायालय का दृढ़ मत है कि अब समय आ गया है कि संसद संहिता के अध्याय 9 में संबंधित बदलावों पर विचार करे।

यह एक व्यक्ति द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर विचार कर रहा था, जिसमें एक पारिवारिक अदालत के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसे अपनी पत्नी और दो बच्चों को 28 महीने के भरण-पोषण भत्ते की बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर दस महीने के कारावास की सजा सुनाई गई थी।अदालत ने कहा, उक्त स्थिति में, जैसा कि उनके वकील ने आग्रह किया था, पुनरीक्षण याचिकाकर्ता को एक महीने के कारावास की मामूली सजा देना न्याय का मजाक होगा, जबकि माना जाता है कि पुनरीक्षण याचिक-कर्ता को 28 महीने के लिए भरण-पोषण का बकाया भुगतान करना होगा। यह केवल अति-तकनीकी तर्क है कि उत्तरदाताओं को प्रत्येक महीने के डिफॉल्ट के लिए अलग-अलग निष्पादन आवेदन दाखिल करना होगा, और उसके बाद ही एक महीने तक के कारावास की अलग-अलग सजाएं दी जा सकती हैं।मामले में प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद, अदालत ने फैमिली कोर्ट के 10 महीने की कैद के आदेश की पुष्टि की, लेकिन स्पष्ट किया कि उसे अपनी पत्नी और बच्चों की पूरी भरण-पोषण राशि का भुगतान करने पर जेल से रिहा कर दिया जाएगा।

## सेबी केवल समाचार रिपोर्टों के आधार पर संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकता : सीजेआई

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)** भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में याचिकाकर्ताओं द्वारा अडाणी समूह और भारत की नियामक प्रणाली के खिलाफ आरोप लगाने के लिए कुछ मीडिया रिपोर्ट्स पर निर्भरता पर चिंता व्यक्त की है। अदालत ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह अपने निष्कर्ष निकालने के लिए अखबारों की रिपोर्ट में कही गई बातों पर जायेगा।

मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ताओं द्वाराऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) और हिंडनबर्ग रिसर्च जैसे संगठनों की रिपोर्टों की जानकारी के उपयोग पर भी नाराजगी व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट द्वारा चल रहे मामले में लगभग तीन महीने के अंतराल के बाद सुनवाई फिर से शुरू करने के बाद ये टिप्पणियां आईं। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ओसीसीआरपी रिपोर्ट के संबंध में नए तथ्य सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में लाए।

मेहता के अनुसार, जब सेबी ने ओसीसीआरपी को पत्र लिखकर 31 अगस्त की रिपोर्ट में अदानी समूह के खिलाफ आरोप लगाते समय संगठन द्वारा भरोसा किए गए विवरण और दस्तावेजों की मांग की, तो ओसीसीआरपी ने आरोपों का विवरण साझा नहीं किया, और कहा कि इसकी बजाय वे भारत में एक गैर-सरकारी संगठन से विवरण प्राप्त कर सकते हैं जिसने उसे जानकारी प्रदान की थी। सॉलिसिटर जनरल के मुताबिक, एनजीओ को प्रशांत भूषण चलाते हैं।

सुनवाई के दौरान मेहता ने कोर्ट को बताया कि अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों से जुड़े 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी हो चुकी है। उसने कहा, शेष दो के लिए, हमें कुछ अन्य सूचनाओं के साथ विदेशी नियामकों आदि से जानकारी की आवश्यकता है। हम उनके साथ परामर्श कर रहे हैं।

## रांची की आठ लड़कियों की डीपफेक वीडियो बनाने वाला बिहार से गिरफ्तार

**रांची ,(एजेंसी)** रांची के एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान की नाबालिग छात्राओं की न्यूड डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक का नाम विवेक शाह है और वह बिहार के मुजफ्फरपुर जिले का रहने वाला है।विवेक ने रांची की आठ लड़कियों की फोटो को एडिट कर उनके डीपफेक वीडियो बनाए थे। इसकी शिकायत मिलते ही पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी युवक का लोकेशन पता कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर लड़कियों से दोस्ती करता था और फिर उनकी तस्वीरों को डीपफेक वीडियो में बदल देता था।

